पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर
(छ.ग. शासन के अधिनियम क्रमांक 26 सन् 2004 द्वारा स्थापित)
कोनी–बिरकोना मार्ग, बिलासपुर (छ.ग.) 495009
दूरभाश क्रमांक : (07752) 210312 फैक्स : (07752) 213073
Website : www.pssou.ac.in Email – registrar@pssou.ac.in

पृ.क्र.150/उपाधि प्रकोष्ठ/दीक्षांत समारोह/2024 बिलासपुर दिनांक :20/06 /2024

//सूचना//

प्रति,

....

....

विषयः– स्वर्ण पदक/उपाधि प्रमाण–पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन जमा करने संबंधी।

लेख है कि सत्र जनवरी–दिसम्बर 2020, जून–जुलाई 2021, जनवरी–दिसम्बर 2021, जून–जुलाई 2022, जनवरी–दिसम्बर 2022 एवं जून–जुलाई 2023 की परीक्षा में आपने प्रथम प्रयास में प्राविण्य सूची (मेरिट) में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस प्रकार आप स्वर्ण पदक पाने के पात्र बन गये हैं। उक्त सत्र के स्वर्ण–पदक को प्राप्त करने हेतु ''दीक्षांत समारोह' दिनांक 06/07/2024 को होना प्रस्तावित है।

यदि आप ''दीक्षांत समारोह'' में उपस्थित होकर अपना स्वर्ण पदक/उपाधि प्राप्त करना चाहते हैं तो निर्धारित संलग्न प्रपत्र में अपना विवरण दिनांक 30/06/2024 तक विश्वविद्यालय में व्यक्तिगत अथवा डाक के माध्यम से अनिवार्यतः जमा कराएँ अन्यथा आपका नाम समारोह में उपस्थित होकर स्वर्ण पदक/उपाधि प्राप्ताकर्ताओं की सूची में सम्मिलित नही किया जा सकेगा। (जिन्होने अपना आवेदन जमा कर दिया है उन्हे दुबारा आवेदन जमा करने की आवश्यकता नही है।)

दीक्षांत समारोह में आपको अपने व्यय पर उपस्थित होना होगा। समारोह में आप सफेद रंग का भारतीय परिधान धारण करेंगे (धोती कुर्ता या कुर्ता–पैजामा,महिलाओं के लिए सफेद रंग का सलवार–कुर्ता या सफेद रंग की साड़ी जिसमें बार्डर का रंग व डिजाइन अपनी पसंद का हो)। इसके अतिरिक्त समारोह हेतु विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित गणवेश (पगड़ी एवं उत्तरीय) भी धारण करना होगा जो कि आपको विश्वविद्यालय की तरफ से जमानत राशि रू 1000/– जमा करने पर प्राप्त होगा। 05/07/2024 को प्रातः 11:00 बजे से विश्वविद्यालय मे राशि जमा कर प्राप्त करने पर प्राप्त करना होगा साथ ही 01:00 बजे समारोह हेतु स्थान ग्रहण करना होगा। उल्लेखनीय है कि समारोह समाप्त होने के पश्चात् गणवेश (पगड़ी एवं उत्तरीय) सुरक्षित स्थिति में वापस करने पर जमानत राशि रू. 1000/– आपको तत्काल वापस किया जायेगा।

समारोह में स्वर्ण पदक या उपाधि विश्वविद्यालय द्वारा निशुल्क दी जायेगी।

निर्देश – 1.समारोह में आप अपने परिवार के अधिकतम एक सदस्य को साथ ला सकते है परन्तु 12 वर्ष से कम आयु के बच्चों का प्रवेश वर्जित रहेगा।

2.छात्र/छात्राओं के लिए निःशुल्क आवास की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

संलग्नः– 1.स्वर्ण पदक /उपाधि प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रारूप।

दीक्षांत समारोह कार्यक्रम :–

1. पगड़ी तथा उत्तरीय वितरण दीक्षांत समारोह के एक दिन पूर्व 11:00 बजे से।
2. पूर्वाभ्यास (सभी के लिए अनिवार्य) 05/07/2024 को अपरान्ह 2:00 बजे से।
3. मुख्य दीक्षांत समारोह : 06/07/2024 को पूर्वाह 10:00 बजे से।

सभी प्रतिभागी कार्यक्रम शुरू होने के एक घण्टे पूर्व अपनी उपस्थिति देते हुए स्थान ग्रहण कर लेंगे। पूर्वाभ्यास में अनुपस्थित या विलम्ब से आने वालों को समारोह में भाग लेने से वंचित किया जायेगा तथा उनकी उपाधि एवं स्वर्ण पदक समारोह समाप्ति पर उन्हे बाद में दिया जायेगा।

परीक्षा नियंत्रक

पृ.क्र. 151 उपाधि प्रकोष्ठ/2024 बिलासपुर,दिनांक–20/06/2024

प्रतिलिपिः–

1. निज सचिव कुलपति को कुलपति महोदय के सूचनार्थ।
2. .... विभाग/समिति को सूचनार्थ।
6. कम्पयूटर प्रोग्रामर को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि अधिसूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाइट में अपलोड़ करे।

परीक्षा नियंत्रक